# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

## कक्षा-XI विषय: समाजशास्त्र कोड: 585

**MARKING SCHEME**
**वर्ष** 2023 – 2024

**सामान्य निर्देश** : -

1. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ट बनाना है। अंक योजना में दिए गए उत्तर अंतिम नहीं है । ये सुझावात्मक एवम् सांकेतिक है। यदि परीक्षार्थी ने इनसे अलग या भिन्न, परन्तु सही या उपयुक्त उत्तर दिया है, तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ।

   **The objective of the marking scheme is to make evaluation as objective as possible. The answers given in the marking scheme are not final. This is suggestive and symbolic. If the candidate answer different then given answer but it is correct and appropriate, marks should be awarded to student.**

2. सही, शुद्ध, सार्थक व सटीक उत्तरों को यथायोग्य अधिमान दिए जाएँ।
   **Correct, righteous, meaningful and accurate answers should be given due weightage.**
3. परीक्षार्थी द्वारा अपेक्षा के अनुरूप सही उत्तर लिखने पर उसे पूर्णांक दिए जाएँ।
   **Full marks should be given to the candidate for writing the correct answer as expected.**
4. वर्तनीगत अशुद्धियों एवम् विषयांतर की स्थिति में अधिक अंक देकर परीक्षार्थी को प्रोत्साहित ना करें।
   **Do not encourage the candidate by giving more marks in case of spelling mistakes and digression.**
5. बहु-वैकल्पिक प्रश्न – यदि परीक्षार्थी ने दो प्रयास किये गए है तथा दोनों में से एक सही तथा एक गलत है तो सही वाले प्रयास को सही उत्तर मानते हुए अंक दिए जाएं, और यदि किसी भी उत्तर को काटा नहीं गया है या दोनों उत्तरों को काटा गया है तो भी सही उत्तर को ध्यान में रखते हुए अंक दिए जाएं।
   **Multiple-choice questions – If the candidate has made two attempts and one of them is correct and one is wrong, then marks will be awarded considering the correct attempt as the right answer, and if no answer has been struck off or both Even if the answers have been crossed out, marks should be awarded keeping in view the correct answer.**
6. समस्त मुख्य-परीक्षकों / उप-परीक्षकों को निर्देश दिया जाता है कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि उत्तर पूर्णतया गलत पाया जाता है तो गलत उत्तर को **(x)** अंकित कर **'0'** अंक प्रदान किये जाएं।
   **All the Chief-Examiners/Sub-Examiners are instructed that while evaluating the answer sheets, if the answer is found completely wrong, then the wrong answer should be marked (x) and given '0' marks.**
7. लघुउत्तरात्मक प्रश्नों में जिनमे दो विशेषताएं, बिंदु पूछे गये है यदि परीक्षार्थी ने दोनों बिंदु सही लिखे है, या पांच बिंदु लिखे है जिनमें से कोई भी दो सही हो तो भी दो सही व उचित उत्तरों को सही मानते हुए अंक दिए जाएं ।



Download from www.MsEducationTv.com

In short answer type questions in which two points are asked, if the examinee has written both the points correctly, or has written five points out of which any two are correct, even then marks should be given considering two correct and appropriate answers as correct.

8. भागवार तथा अंकवार बांटे गए प्रश्न के उत्तर का मूल्यांकन भी भागवार तथा अंकवार ही किया जाना चाहिए, जितना भाग परीक्षार्थी ने सही उत्तर दिया है, उस भाग हेतु निर्धारित पूर्ण अंक प्रदान किये जाएं। वर्णात्मक प्रश्नों के उत्तर जांच करते समय परीक्षक अपने विवेकानुसार अंकन कर सकता है परन्तु परीक्षार्थी को सकारात्मक अंकन किया जाएं।

   The answer to the question paper distributed part-wise and number-wise should also be evaluated part-wise and number-wise, full marks should be awarded for that part for which the candidate has given the correct answer. While checking the answers to the descriptive type questions, the examiner can mark according to his discretion, but the candidate should be given positive marking.

9. भाषा-क्षमता एवं अभिव्यक्ति- कौशल पर ध्यान दिया जाएं।

   Attention should be paid to language-ability and expression-skills.

10. मुख्य-परीक्षकों / उप-परीक्षकों को उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए केवल सामान्य निर्देश / मार्गदर्शन उपलब्ध करवाया जा रहा है, यदि मूल्यांकन निर्देश में किसी प्रकार की त्रुटि हो, उत्तर स्पष्ट ना हो, उत्तर निर्देश में दिए गए उत्तर से अलग हो तो परीक्षक, मुख्य परीक्षक से विचार- विमर्श करके उस प्रश्न का मूल्यांकन अपने विवेक अनुसार करें।

    Only general instructions/guidance is being provided to the Chief-Examiners/Sub-Examiners to evaluate the answer sheets, if there is any error in the evaluation instructions, the answer is not clear, from the answer given in the answer instructions If there is a difference, the examiner, after discussing with the chief examiner, evaluates that question according to his discretion.

11. प्रश्न पत्र में कुल 38 प्रश्न है। प्रश्न पत्र कुल चार भागों में विभक्त है ।

    There are total 38 questions in the question paper. The question paper is divided into total four parts.

12. भाग 1 में क्रम संख्या 01 व 20 तक के प्रश्न शामिल है, दोनों प्रश्न 1-1 अंक के है तथा सभी प्रश्न बहु वैकल्पिक प्रश्न है।

    Section A consists of questions up to serial number 01 and 20, each questions is carrying 1 mark and both questions are multiple choice questions.

13. भाग 2 में क्रम संख्या 21 से 29 तक के प्रश्न शामिल है, सभी प्रश्न 2-2 अंक के है सभी प्रश्न अति लघुउत्तरात्मक है, उत्तर अधिकतम 30 शब्दों से अधिक ना हो ।

    Section B consists of questions from serial number 21 to 29, all questions are of 2 marks each, all questions are very short answer type, answer should not exceed the maximum limit 30 words.

14. भाग 3 में क्रम संख्या 30 से 35 तक के प्रश्न शामिल है, सभी प्रश्न 4-4 अंक के है सभी प्रश्न लघुउत्तरात्मक है, उत्तर अधिकतम 80 शब्दों से अधिक ना हो ।

    Section C includes questions from serial number 30 to 35, all questions are of 4 marks each, all questions are short answer type, answer should not exceed limit maximum 80 words.


Download from www.MsEducationTv.com

15. भाग 4 में क्रम संख्या 36 से 38 तक के प्रश्न शामिल है, सभी प्रश्न 6 -6 अंक के है सभी प्रश्न दीर्घ उत्तरात्मक है, उत्तर अधिकतम 200 शब्दों से अधिक ना हो, प्रश्न सं. 36 का उत्तर गद्यांश की सहायता से दिया जाना है ।

**Section D consists of questions from serial number 36 to 38, all questions carry 6 marks each, all questions are long answer type, answer should not exceed limit 200 words, question no. 36 is to be answered with the help of the passage.**

| प्रश्न सं. | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| | **भाग – 1**<br>**Section - A** | |
| 1 | समाजशास्त्र के जनक आगस्त कोंत कहां के थे **?**<br>**(अ)** फ्रांस<br>(ब) अमेरिका<br>(स) ब्रिटेन<br>(द) भारत<br>Where was Auguste Comte, the father of sociology from **?**<br>**(a)** France<br>(b) America<br>(c) Britain<br>(d) India | 1 |
| उत्तर | **(अ) फ्रांस**<br>(a) France | |
| 2 | समाजशास्त्र की प्रकृति है **?**<br>**(अ)** वैज्ञानिक<br>(ब) अवैज्ञानिक<br>(स) अमानवीय<br>(द) असामाजिक<br>What is the nature of sociology ?<br>(a) scientist<br>(b) unscientific<br>(c) inhuman<br>(d) antisocial | 1 |
| उत्तर | **(अ) वैज्ञानिक**<br>**(a) scientist** | |
| 3 | प्राथमिक समूह की अवधारणा किसने दी थी **?**<br>**(अ)** मैक्स वेबर<br>(ब) दुर्खीम<br>(स) चार्ल्स कूले<br>(द) मैकाइवर व पेज<br>Who gave the concept of primary group?<br>(a) Max Weber<br>(b) Durkheim | 1 |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (c) Charles Cooley<br>(d) MacIver and Page | |
| उत्तर | **(स) चार्ल्स कूले**<br>**(c) Charles Cooley** | |
| 4 | समाजशास्त्र में सर्वप्रथम संदर्भ समूह की अवधारणा किसने दी थी **?**<br>**(अ)** मैक्स वेबर<br>(ब) राल्फ लिंटन<br>(स) रोबर्ट के मर्टन<br>(द) डब्ल्यू. सी. मिल्स<br>Who first gave the concept of reference group in sociology?<br>(a) Max Weber<br>(b) Ralph Linton<br>(c) Robert K. Merton<br>(d) W. C. Mills | 1 |
| उत्तर | **(स) रोबर्ट के मर्टन**<br>**(c) Robert K. Merton** | |
| 5 | जिस परिवार में वंश परम्परा मां के नाम पर चलती है, उसे कहते है **?**<br>**(अ)** मातृवंशीय परिवार<br>(ब) पितृवंशीय परिवार<br>(स) मातृसत्तात्मक परिवार<br>(द) पितृसत्तात्मक परिवार<br>The family in which the family line runs in the name of the mother is called?<br>(a) matrilineal family<br>(b) patrilineal family<br>(c) Matriarchal family<br>(d) Patriarchal family | 1 |
| उत्तर | **(अ) मातृवंशीय परिवार**<br>**(a) matrilineal family** | |
| 6 | राज्य के लिए आवश्यक तत्व है **?**<br>**(अ)** निश्चित भू-भाग<br>(ब) जनसंख्या<br>(स) सरकार<br>(द) सभी<br>What is an essential element of the state?<br>(a) fixed territory<br>(b) population<br>(c) Government<br>(d) all | 1 |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर | **(द) सभी**<br>**(d) all** | |
| 7 | शिक्षा का मूल उद्देश्य क्या है ?<br>**(अ)** नौकरी<br>(ब) व्यापार<br>(स) राजनीति<br>(द) व्यक्ति का सर्वांगीण विकास<br>What is the basic purpose of education?<br>(a) job<br>(b) business<br>(c) politics<br>(d) All round development of a person | 1 |
| उत्तर | **(द) व्यक्ति का सर्वांगीण विकास**<br>**(d) All round development of a person** | |
| 8 | निम्न में से नातेदारी का प्रकार नहीं है ?<br>**(अ)** रक्त सम्बन्धी नातेदारी<br>(ब) विवाह सम्बन्धी नातेदारी<br>(स) मातृ सम्बन्धी नातेदारी<br>(द) काल्पनिक नातेदारी<br>Which of the following is not a type of kinship?<br>(a) blood relation<br>(b) Matrimonial kinship<br>(c) maternal kinship<br>(d) imaginary kinship | 1 |
| उत्तर | **(स) मातृ सम्बन्धी नातेदारी**<br>**(c) maternal kinship** | |
| 9 | सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था कौनसी है ?<br>**(अ)** स्कूल<br>(ब) परिवार<br>(स) मीडिया<br>(द) धार्मिक स्थल<br>Which is the primary institution of socialization?<br>(a) school<br>(b) family<br>(c) Media<br>(d) religious place | 1 |
| उत्तर | **(ब) परिवार**<br>**(b) family** | |
| 10 | संस्कृति की सबसे छोटी इकाई क्या कहलाती है ? | 1 |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | **(अ)** संस्कृति तत्व<br>(ब) संस्कृति क्षेत्र<br>(स) संस्कृति प्रतिमान<br>(द) संस्कृति संकुल<br>What is the smallest unit of culture called?<br>(a) Culture element<br>(b) Culture area<br>(c) Culture pattern<br>(d) Culture Complex | |
| उत्तर | **(अ) संस्कृति तत्व**<br>(a) Culture element | |
| 11 | शोधकर्ता व उत्तरदाता के मध्य एक निर्देशित बातचीत क्या कहलाती है **?**<br>**(अ)** क्षेत्रीय कार्य<br>(ब) प्रश्नावली<br>(स) अनुसूची<br>(द) साक्षात्कार<br>What is a guided conversation between the researcher and the respondent called?<br>(a) field work<br>(b) Questionnaire<br>(c) schedule<br>(d) interview | 1 |
| उत्तर | **(द) साक्षात्कार**<br>**(d) interview** | |
| 12 | जनसंख्या में प्रत्येक व्यक्ति को शामिल करने के लिए किया गया व्यापक सर्वेक्षण क्या कहलाता है **?**<br>**(अ)** सहभागी अवलोकन<br>(ब) जनगणना<br>(स) केस स्टडी<br>(द) सर्वेक्षण<br>What is the comprehensive survey done to include each person in the population called?<br>(a) participant observation<br>(b) census<br>(c) Case study<br>(d) survey | 1 |
| उत्तर | **(ब) जनगणना**<br>**(b) census** | |
| 13 | निम्न में से कौनसी सामाजिक प्रक्रिया नहीं है **?** | 1 |


Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (अ) सहयोग<br>(ब) संघर्ष<br>(स) जाति<br>(द) प्रतियोगिता<br>Which of the following is not a social process?<br>(a) cooperation<br>(b) struggle<br>(c) caste<br>(d) competition | |
| उत्तर | **(स) जाति**<br>**(c) caste** | |
| 14 | जाति एक बंद वर्ग है – यह कथन किसका है **?**<br>(अ) चार्ल्स कूले<br>(ब) श्रीनिवास<br>(स) जी.एस.घुरिये<br>(द) मजूमदार व मदान<br>Caste is a closed class – who said this?<br>(a) Charles Cooley<br>(b) Srinivas<br>(c) G.S. Ghurye<br>(d) Mazumdar and Madan | 1 |
| उत्तर | **(द) मजूमदार व मदान**<br>**(d) Mazumdar and Madan** | |
| 15 | निम्न में से शहरीकरण की प्रमुख विशेषता है ?<br>(अ) सरल जीवन<br>(ब) संयुक्त परिवार<br>(स) समरूप समाज<br>(द) श्रम विभाजन<br>Which of the following is the main feature of urbanization?<br>(a) simple life<br>(b) Joint family<br>(c) Homogenous society<br>(d) division of labor | 1 |
| उत्तर | **(द) श्रम विभाजन**<br>**(d) division of labor** | |
| 16 | 2011 की जनगणनानुसार भारत की कितनी प्रतिशत जनसंख्या शहरों में निवास करती है ?<br>(अ) 37.7<br>(ब) 31.6 | 1 |


Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (स) 35.7<br>(द) 36.7<br>According to the 2011 census, what percentage of India's population lives in cities?<br>(a) 37.7<br>(b) 31. 6<br>(c) 35.7<br>(d) 36.7 | |
| उत्तर | **(ब) 31.6**<br>**(b) 31. 6** | |
| 17 | विकास की वह धारणा जो वर्तमान के साथ साथ भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कार्य करती है, क्या कहलाती है ?<br>(अ) उद् विकास<br>(ब) सतत धारणीय विकास<br>(स) नियमित विकास<br>(द) संवृद्धि<br>What is the concept of development which works keeping in mind the needs of the present as well as the future?<br>(a) industry development<br>(b) sustainable development<br>(c) regular development<br>(d) growth | 1 |
| उत्तर | **(ब) सतत धारणीय विकास**<br>**(b) sustainable development** | |
| 18 | निम्न में से ग्रीन हाउस गैस कौनसी नहीं है ?<br>(अ) कार्बनडाईऑक्साइड<br>(ब) मीथेन<br>(स) नाइट्स ऑक्साइड<br>(द) ऑक्सीजन<br>Which of the following is not a green house gas?<br>(a) carbon dioxide<br>(b) methane<br>(c) nitrous oxide<br>(d) oxygen | 1 |
| उत्तर | **(द) ऑक्सीजन**<br>**(d) oxygen** | |
| 19 | 'दि प्रोटेस्टेंट एथिक एंड दि स्पीरिट ऑफ कैपेटलिज्म' पुस्तक के लेखक कौन है ?<br>(अ) कार्ल मार्क्स<br>(ब) मर्टन | 1 |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (स) मैक्स वेबर<br>(द) दुर्खीम<br>Who is the author of the book 'The Protestant Ethic and the Spirit of Capitalism'?<br>(a) Karl Marx<br>(b) Merton<br>(c) Max Weber<br>(d) Durkheim | |
| उत्तर | **(स) मैक्स वेबर**<br>**(c) Max Weber** | |
| 20 | वर्ष 1948 में रामपुरा गांव का अध्ययन किसने किया था ?<br>(अ) जी.एस. घुरिये<br>(ब) ए.आर. देसाई<br>(स) डी.पी. मुकर्जी<br>(द) एम.एन. श्रीनिवास<br>Who did the study of Rampura village in the year 1948?<br>(a) G.S. turn around<br>(b) A.R. Desai<br>(c) D.P. Mookerjee<br>(d) M.N. Srinivas | 1 |
| उत्तर | **(द) एम.एन. श्रीनिवास**<br>**(d) M.N. Srinivas** | |
| | **भाग – 2**<br>**Section - B** | |
| **21** | **समाजशास्त्र के दो प्रमुख विषय क्षेत्र कौनसे है ?**<br>**What are the two major subject areas of Sociology?** | **1+1** |
| उत्तर | 1. **स्वरुपात्मक सम्प्रदाय**<br>2. **समन्वयात्मक सम्प्रदाय**<br>1. **Formal School**<br>2. **Synthetic School** | |
| **22** | **प्रस्थिति क्या है ? अर्जित व प्रदत प्रस्थिति का एक-एक उदाहरण बताईये।**<br>**What is the status? Give one example each of earned and given status.** | **1+½+½** |
| उत्तर | **प्रस्थिति –प्रस्थिति व्यक्ति की समाज या समूह में पद की सूचक है, यह पद व्यक्ति को समाज द्वारा स्वत: ही प्रदान किया जाता है या व्यक्ति अपने गुण व योग्यता के आधार पर प्राप्त करता है -**<br>**प्रकार –**<br>1. **अर्जित प्रस्थिति–अध्यापक, डॉक्टर, वकील आदि**<br>2. **प्रदत प्रस्थिति– पिता, माता, दादा, दादी आदि**<br>**(कोई भी एक उदाहरण)** | 1<br>½<br>½ |


Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | Status - Status is an indicator of a person's position in society orgroup, this position is automatically provided to the person by thesociety or the person receives it on the basis of his qualities and abilities -<br>Type -<br>1. Earned Status – Teacher, Doctor, Lawyer etc.<br>2. Given Status – Father, Mother, Grandfather, Grandmother etc. | |
| 23 | **विवाह से क्या तात्पर्य है ? विवाह के कोई दो प्रकार बताईये।**<br><br>What is meant by marriage? Mention any two types of marriage. | 1+½+½ |
| उत्तर | **विवाह –विवाह समाज द्वारा मान्यता प्राप्त सामाजिक संस्था है जिसका उद्देश्य समाज में अनेतिकता का विलोपन करना है विवाह का उद्देश्य परिवार का संरक्षण व समाज का नवीन निर्माण करना है ।**<br>**प्रकार –**<br>1. **एक विवाह**<br>2. **बहु विवाह**<br>Marriage - Marriage is a social institution recognized by the society, whose purpose is to eliminate immorality in the society, the purpose of marriage is to protect the family and to create a new society.<br>Type -<br>1.Monogamy<br>2. Polygamy | 1<br><br>½<br><br>½ |
| 24 | **सर्वेक्षण विधि की कोई दो प्रमुख विशेषताएं लिखिए।**<br><br>Write any two main features of survey method. | 1+1 |
| उत्तर | 1. **सर्वेक्षण विधि का प्रयोग बहुत बडे पैमाने पर एक साथ अधिक लोगों से जानकारी प्राप्त करने के लिए किया जाता है।**<br>2. **वैज्ञानिक विधि है जिसके द्वारा एक निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में रहने वाले लोगों के संबंध में तथ्यों का संकलन किया जाता है।**<br>3. **इसके द्वारा किसी विशिष्ठ समुदाय, संगठन, समूह का व्यवस्थित व विस्तृत अध्ययन किया जाता है।**<br>**(कोई भी दो विशेषताएं)**<br><br>1. The survey method is used on a large scale to collect information from a large number of people at once .<br>2. It is a scientific method by which facts are collected in relation to the people living in a certain geographical area .<br>3. Through this, a systematic and detailed study of a specific community, organization, group is done.<br>(any two features) | |
| 25 | **अवलोकन क्या है ? सहभागी अवलोकन के बार में बताईये।**<br><br>What is observation? Explain about participant observation. | 1+1 |
| उत्तर | **अवलोकन – एक ऐसी अनुसंधान की विधि जिसमे शोधकर्ता किसी धटना का अध्ययन तथा सूचनाओ का एकत्रीकरण धटना को प्रत्यक्ष रूप से देखकर करता है।** | 1 |



Download from www.MsEducationTv.com

सहभागी अवलोकन – अवलोकन की वह विधि जिसमे शोधकर्ता किसी धटना का अध्ययन तथा सूचनाओ का एकत्रीकरण स्वयं अध्ययन समूह में शामिल होकर धटना को प्रत्यक्ष रूप से देखकर करता है, सर्वप्रथम इसका प्रयोग लिन्डमैन ने 1924 में सोशल डिस्कवरी पुस्तक में किया । — 1

Observation – A method of research in which the researcher studies an event and collects information by directly observing the event.

Participant Observation – The method of observation in which the researcher studies an incident and gathers information by directly observing the incident by joining the study group, was first used by Lindemann in 1924 in the book Social Discovery.

**26** सहयोग व संघर्ष में कोई दो अंतर लिखिए। — 1+1

Write any two differences between cooperation and conflict.

उत्तर

| क्रं.सं. | सहयोग | संधर्ष |
|---|---|---|
| 1 | अवैयक्तिक प्रक्रिया है | व्यक्तिक प्रक्रिया है |
| 2 | निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया | अनिरन्तर चलने वाली प्रक्रिया |
| 3 | अहिंसक प्रक्रिया | हिंसक प्रक्रिया |
| 4 | सामाजिक नियमों का पालन | सामाजिक नियमों का पालन नहीं |

(कोई भी दो अंतर) — 1, 1

| Sr.No. | Cooperation | struggle |
|---|---|---|
| 1 | impersonal process | individual process |
| 2 | continuous process | non-stop process |
| 3 | nonviolent process | violent process |
| 4 | follow social rules | not following social rules |

(any two difference)

**27** सामाजिक परिवर्तन किसे कहते है ? इसके प्रमुख प्रतिमान या प्रकार बताईये। — 1+1

What is social change? State its main patterns or types.

उत्तर

सामाजिक परिवर्तन – सामाजिक परिवर्तन समाज के ढ़ांचे, प्रकार्यों, सामाजिक संबंधों, समाज के रहन सहन, रीति-रिवाजों, जीवन विधियों, मूल्यों व विश्वासों में होने वाला परिवर्तन है । — 1

सामाजिक परिवर्तन के प्रतिमान – — 1

1. रेखीय परिवर्तन
2. तरंगीय परिवर्तन
3. चक्रीय परिवर्तन

Social Change – Social change is the change in the structure, functions, social relations, living conditions, customs,ways of



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | life,values and beliefs of the society.<br><br>Paradigms of social change –<br>1. Linear change<br>2. Wave change<br>3. cyclical change | |
| 28 | **परम्परागत सत्ता व करिश्माई सत्ता में कोई दो अंतर बताईये।**<br><br>Mention any two differences between traditional authority and charismatic authority. | 1+1 |
| उत्तर | (see tables below) | 1<br>1 |

| क्रं.सं. | परम्परागत सत्ता | करिश्माई सत्ता |
|---|---|---|
| 1 | सत्ता परम्परा से प्राप्त | किसी विशेष चमत्कार या करिश्मे पर आधारित |
| 2 | विशेष योग्यता की आवश्यकता नहीं | विशेष प्रकार की शक्ति होने का दावा |
| 3 | उदाहरण – राजा, पुरोहित | उदाहरण – पीर, पैगंबर, धार्मिक गुरु, जादूगर |

(कोई भी दो अंतर)

| Sr.No. | Traditional authority | Charismatic authority |
|---|---|---|
| 1 | inherited power | based on a special miracle or charisma |
| 2 | no special qualifications required | claim to a special kind of power |
| 3 | Example – king, priest | Example – Pir, Prophet, Religious Guru, Magician |

(any two difference)

| | | |
|---|---|---|
| 29 | **कल्याणकारी राज्य की कोई दो प्रमुख विशेषताएं बताईये।**<br><br>Mention any two main features of a welfare state. | 1+1 |
| उत्तर | **कल्याणकारी राज्य की विशेषताएं –**<br>1. प्रजातान्त्रिक राज्य होता है<br>2. एक निरपेक्ष व्यवस्था होती है<br>3. मिश्रित अर्थव्यवस्था होती है<br>(कोई भी दो विशेषताएं)<br>Features of welfare state –<br>1. Democratic state.<br>2. There is an absolute system.<br>3. There is a mixed economy.<br>(any two features) | 1<br>1 |
| | **भाग – 3**<br>Section - C | |
| 30 | **समाजशास्त्र का अर्थ स्पष्ट करें तथा कोई दो विद्वानों की परिभाषा बताएं ?**<br><br>Explain the meaning of sociology and give the definition of any two scholars? | 2+1+1 |
| उत्तर | **समाजशास्त्र – समाजशास्त्र को अंग्रेज़ी में** sociology **कहा जाता है,** | 2 |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | sociology शब्द लेटिन भाषा के socius तथा ग्रीक भाषा के logas से मिलकर बना है जिसमे socius का अर्थ समाज और logas का अर्थ शास्त्र होता है अर्थात समाज का शास्त्र या विज्ञान<br>समाजशास्त्र के जनक या पिता फ़्रांस के विद्वान आगस्त कोम्टे कहलाते है जिन्होंने 1838 में समाजशास्त्र नाम दिया ।<br><br>1. किंग्सले डेविस – समाजशास्त्र मानव समाज का अध्ययन है ।<br>2. मैकाइवर व पेज – समाजशास्त्र सामाजिक संबंधों के विषय में है , सामाजिक सम्बन्धो के जाल को समाज कहते है समाजशास्त्र के अन्तर्गत सामाजिक संबंधों का अध्ययन किया जाता है ।<br>3. जानसन – समाजशास्त्र सामाजिक समूहों का विज्ञान है ।<br>(कोई भी दो)<br>Sociology - Sociology is called sociology in English, the word sociology is made up of Latin language socius and Greek language logas, in which socius means society and logas means science, that isscience of society.<br>The father of sociology is called the French scholar August Comte, who named sociology in 1838.<br><br>1. Kingsley Davis - Sociology is the study of human society.<br>2. McIver and Page - Sociology is about social relations, the network of social relations is called society, social relations are studied under sociology.<br>3. Johnson - Sociology is the science of social groups.<br>(any two) | 1<br>1 |
| 31 | परिवार के स्वरूप में आ रहे कोई चार परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए।<br><br>Mention any four changes taking place in the nature of family. | 1+1+1+1 |
| उत्तर | परिवार के स्वरूप में आ रहे परिवर्तन –<br>1. महिलाओं में आर्थिक निर्भरता ।<br>2. औद्योगीकरण के कारण पारिवारिक कार्यों में कमी ।<br>3. विवाह के धार्मिक आधार का पतन ।<br>4. संयुक्त परिवारों का विघटन ।<br>5. महिलाओं में उच्च शिक्षा ।<br>6. पारिवारिक मान्यताओं में गिरावट ।<br>7. पारिवारिक मनोरंजन के स्थान पर व्यवसायिक मनोरंजन ।<br>(कोई भी चार )<br>Changes coming in the form of family -<br>1. Economic dependence among women.<br>2. Reduction in family work due to industrialization.<br>3. Decline of the religious basis of marriage.<br>4. Dissolution of joint families.<br>5. Higher education among women.<br>6. Decline in family values.<br>7. Commercial entertainment instead of family entertainment. | 1<br>1<br>1<br>1 |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | (any Four) | |
| 32 | **संस्कृति किसे कहते है ? भौतिक तथा अभौतिक संस्कृति में अंतर स्पष्ट करें।**<br>What is culture? Explain the difference between material and non-material culture. | 1+3 |
| उत्तर | **संस्कृति- मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए विभिन्न विधियों,प्रविधियों,उपकरणों,रीति-रिवाजों तथा प्रथाओं को जन्म दिया है। ये सब पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती रहती है। इन सबके योग को संस्कृति कहते है।**<br>**संस्कृति किसीसमाज में गहराई तक व्याप्त गुणों के समग्र स्वरूप का नाम है ,जो उस समाज के सोचने, विचारने व कार्य करने के स्वरूप में अन्तर्निहित होती है।**<br>**अंतर –** | 1 |

| भौतिक संस्कृति | अभौतिक संस्कृति |
|---|---|
| मानव जीवन के बाह्य रूप से सम्बन्धित है | मानव जीवन के आंतरिक रूप से सम्बन्धित है |
| इसे हम छू सकते है | इसे हम छू नहीं सकते है |
| यह मूर्त है | यह अमूर्त है |
| गुणात्मक मापन संभव है | गुणात्मक मापन संभव नहीं है |
| परिवर्तन तेजी से होता है | परिवर्तन मंद गति से धीरे धीरे होता है |
| उदा. - किताब, पेन, कुर्सी, मेज, पंखा, कम्प्यूटर आदि | उदा. - विचार, आदर्श, प्रथाएं, परम्पराएं, धर्म आदि |

3

Culture Various methods have been used by man to satisfy his needs techniques,appliances,Has given birth to customs and practices. All this is passed on from generation to generation. The sum of all these is called culture.

Culture Any The name of the overall nature of the qualities deeply pervaded in the society, Which is inherent in the form of thinking, thinking and working of that society .

difference -

| material culture | non-material culture |
|---|---|
| relating to the external form of human life | intrinsic to human life |
| we can touch it | we can't touch it |
| it is tangible | it is intangible |
| Qualitative measurement is possible | Qualitative measurement is not possible |
| change happens fast | change happens slowly |
| eg. - Book, pen, chair, table, fan, computer etc. | eg.- ideas, ideals, customs, traditions, religion etc. |

| | | |
|---|---|---|
| 33 | **वैश्विक तापमान वृद्धि क्या है ? 'पर्यावरण की समस्याएं सामाजिक समस्याएं भी है' समझाईये ।**<br>What is global warming? Explain 'Environmental problems are also social problems'**.** | 2 + 2 |
| उत्तर | **वैश्विक तापमान वृद्धि**–वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण हमारा पर्यावरण उलट पलट हो गया है, धरती का तापमान दिनोदिन बढता जा रहा है जिससे अधिक गर्मी होती जा रही | 2 |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | है, जिसके कारण ध्रुवों की बर्फ पिघलनें लगी है जिसने महासागरों के जलस्तर में बढोतरी कर दी है समुद्रों के किनारे बसे अनेक नगरों व द्वीपों के डूबने की समस्या उत्पन्न होने वाली है।<br>**पर्यावरण की समस्याएं सामाजिक समस्याएं भी है -** पर्यावरण की समस्याएं सामाजिक समस्याएं भी है, क्योंकि पर्यावरण प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दोनों रूपों में समाज से जुडा हुआ है। पर्यावरण समाज को सीधे सीधे प्रभावित करता है, मनुष्य ने अपनी आवश यकताओं की पूर्ति हेतु पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचाया है, वह प्रकृति का अंधाधुंध दोहन कर रहा है, जिसके कारण प्रकृति विनाश की ओर अग्रसर हो रही है, प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा नही की गई तो मनुष्य का इस धरती पर रहना संभव नहीं हो पायेगा तथा समाज जैसी संस्था भी मनुष्य के साथ ही समाप्त हो जायेगी।<br><br>**Global warming**- Due to global temperature increase, our environment has turned upside down, the temperature of the earth is increasing day by day due to which there is more heat, due to which the ice of the poles has started melting, which has increased the water level of the oceans along the seas. The problem of drowning of many inhabited cities and islands is going to arise **.**<br>**Environmental problems are also social problems -** Environmental problems are also social problems, because the environment is connected to the society in both direct and indirect ways. Environment directly affects the society, man has caused a lot of damage to the environment to meet his needs, he is exploiting nature indiscriminately, due to which nature is moving towards destruction, did not protect nature and environment If it goes away, it will not be possible for man to live on this earth and the institution like society will also end with man**.** | **2** |
| 34 | **तीन प्रमुख कारण बताएं जिनके कारण समाजशास्त्र का उद्भव हुआ ? कार्ल मार्क्स का वर्ग संघर्ष का सिद्धांत समझाईये ।**<br>**Mention three main reasons due to which sociology emerged? Explain the theory of class struggle of Karl Marx.** | **1½ + 2½** |
| उत्तर | **तीन प्रमुख कारण**<br>• ज्ञानोदय या विवेक युग - 17 वीं – 18 वीं शताब्दी में<br>• फ्रांस की क्रांति – 1789<br>• औद्योगिक क्रांति – 18 वीं – 19 वीं शताब्दी में<br>•<br>**वर्ग संघर्ष** –मार्क्स ने अपनी पुस्तक 'दास केपिटल' में वर्ग संघर्ष का उल्लेख किया है। मार्क्स के अनुसार अभी तक अस्तित्व में रहे सभी समाजों का इतिहास वर्ग संघर्ष का इतिहास रहा है। मार्क्स के अनुसार वर्ग उत्पादन के विकास के साथ बनते है तथा वर्ग संघर्ष ही सामाजिक परिवर्तन का मुख्य कारक है।<br>मार्क्स को समय के आधार पर समाज को निम्नानुसार बांटा –<br>**1** आदिम या साम्यवादी युग<br>**2** दासत्व युग<br>**3** सामन्तवादी युग<br>**4** पूंजीवादी युग<br>**5** समाजवाद<br>मार्क्स के अनुसार केवल आदिम युग को छोडकर प्रत्येक युग व समाज में सदैव दो वर्ग रहे जिसमें से एक वर्ग का उत्पादन की प्रणालियों पर अधिकार था तथा दूसरा उस | **½**<br>**½**<br>**½**<br><br><br>**2½** |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | अधिकार से वंचित रहा है, अधिकार के कारण ये दोनों वर्ग सदेव एक दूसरे से संघर्ष करते रहे है। मार्क्स के अनुसार वर्तमान पूंजीवादी युग में बुर्जुआ वर्ग सर्वहारा वर्ग पर इतना अत याचार व शोषण करेगा कि सर्वहारा वर्ग मिलकर पूंजीपतियों के खिलाफ क्रांति कर देगा तथा पुन: समाजवादी समाज की स्थापना हो जायेगी ।<br><br>**Three main reasons -**<br>• Enlightenment or Viveka Yuga – in the 17th – 18th centuries<br>• French Revolution – 1789<br>• Industrial Revolution – in the 18th – 19th centuries<br>•<br>**Class struggle** – Marx has mentioned class struggle in his book 'Das Kapital' . **According to Marx, the history of all the societies that have existed so far has been the history of class struggle. According to Marx, classes are formed with the development of production and class struggle is the main factor of social change. Marx divided the society on the basis of time as follows –**<br>**1 primitive or communist era**<br>**2 slavery era**<br>**3 feudal ages**<br>**4 capitalist era**<br>**5 Socialism**<br>**According to Marx, there have always been two classes in every age and society, except the primitive era, out of which one class had the right on the methods of production and the other has been deprived of that right, because of the right, these two classes have always been fighting with each other. Is. According to Marx, in the present capitalist era, the bourgeois class will persecute and exploit the proletariat to such an extent that the proletariat will together make a revolution against the capitalists and socialist society will be established again.** | |
| 35 | **जी.एस. घुर्ये के अनुसार जाति की प्रमुख चार विशेषताओं का वर्णन करें ।**<br><br>**Describe the main four characteristics of caste according to G.S. Ghurye.** | **1+1+1+1** |
| **उत्तर** | **जाति की प्रमुख विशेषताएं –**<br>1. **समाज का खंडात्मक विभाजन ।**<br>2. **संस्तरण प्रणाली ।**<br>3. **भोजन व सामाजिक सहवास पर प्रतिबंध ।**<br>4. **नागरिक व धार्मिक नियोग्यताएं व विशेषाधिकार ।**<br>5. **व्यवसाय के अप्रतिबंधित चुनाव का अभाव ।**<br>6. **विवाह सम्बंधित प्रतिबन्ध ।**<br>**(कोई भी चार का वर्णन)**<br><br>**Main features of caste –**<br>**1. Segmental division of society.** | **1**<br>**1**<br>**1**<br>**1** |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | 2. Stratification System.<br>3. Restrictions on food and social intercourse.<br>4. Civil and religious disabilities and privileges.<br>5. Lack of unrestricted choice of occupation.<br>6. Marriage related restrictions.<br>(Describe any four) | |
| | **भाग – 4**<br>**Section –D** | |
| | **प्रश्न संख्या 36 से 38 दीर्घ उत्तरात्मक है इनका मूल्यांकन परीक्षक स्वयं के विवेक के आधार पर करें -**<br>**Question numbers 36 to 38 are long answer type and should be evaluated at the discretion of the examiner.** | |
| 36 | **सामान्य बोलचाल की भाषा में समाज शब्द का प्रयोग व्यक्तियों के समूह के लिए किया जाता है या किसी भी संगठित या असंगठित समूह को समाज कह दिया जाता है। जैसे आर्य समाज, ब्रहम समाज, प्रार्थना समाज, हिन्दू समाज आदि । परन्तु यह सब एक समाज कहलाते है।**<br>**मैकाइवर व पेज ने समाज को सामाजिक संबंधों के जाल या ताने बाने के रूप में परिभाषित किया है । आपने सम्बन्धों की इस सदैव परिवर्तित होती रहने वाले जटिल व्यवस्था को समाज माना है ।**<br>**समाजशास्त्र में सामाजिक संबंध केन्द्रीय अध्ययन वस्तु है। जब असंख्य सामाजिक संबंधों का जाल अनेक रीतियों एवं सामाजिक मूल्यों द्वारा व्यवस्था में बदल जाता है तो उसे समाज कहते है।**<br>**समाज के लिए निम्नलिखित तीन बातों का होना भी आवश्यक है – व्यक्तियों की बहुलता, सामाजिक संबंध तथा सामाजिक अन्तः क्रिया । समाज को चाहे व यक्तियों के ऐसे समूह के रूप में परिभाषित किया जाएं जिसमें मनुष्य सामान्य जीवन व्यतीत कर सके या सामाजिक संबंधों के जाल के रूप में परिभाषित किया जाएं , उसका अपना जीवन का एक तरीका होता है जिसे संस्कृति कहते है। ऐली चिनोय के अनुसार समाज को उसकी प्रमुख संस्थाएं पारिवारिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक आदि के रूप परिभाषित किया जा सकता है।**<br><br>1. **समाज की प्रमुख संस्थाएं कौन कौनसी है ?**<br>2. **समाज के लिए सामाजिक संबंधों के अलावा अन्य कौनसे तत्व होना आवश्यक है ?**<br>3. **समाजशास्त्र की केन्द्रीय अध्ययन विषय वस्तु क्या है ?**<br>4. **''उसका अपना जीवन का एक तरीका होता है जिसे संस्कृति कहते है'' यह किसके लिए कहां गया है ?**<br>5. **एक समाज के उदाहरण बताइयें ?**<br>6. **सामाजिक सम्बन्धों के आधार पर समाज को परभिाषित किसने किया है ?** | 1<br>1<br><br>1<br>1<br><br>1<br>1 |
| | In common parlance, the word society is used for a group of individuals or any organized or unorganized group is called a society . **Like Arya Samaj, Brahmo Samaj, Prarthana Samaj, Hindu Samaj etc. But all this is called a society.**<br>**MacIver and Page have defined society as a web or web of social relations. You have considered this ever-changing complex system of relationships as** | |



Download from www.MsEducationTv.com

| | | |
|---|---|---|
| | **society.**<br>**Social relations are the central subject of study in sociology. When the network of innumerable social relations is converted into a system by many customs and social values, then it is called society.**<br>**It is also necessary for the society to have the following three things – plurality of individuals, social relations and social interaction. Society, whether defined as a group of individuals in which a human being can lead a normal life or defined as a network of social relations, has its own way of life which is called culture. According to Ellie Chinoy, society can be defined in terms of its major institutions such as family, religious, economic, political, educational etc.**<br><br>1. Which are the main institutions of the society?<br>2. **Apart from social relations, what other elements are necessary for society** ?<br>3. **What is the central subject of study of Sociology** ?<br>4. **"It has its own way of life which is called culture." Where has it gone for** ?<br>5. **Give examples of a society** ?<br>6. **Who has defined society on the basis of social relations** ? | |
| उत्तर | 1. **प्रमुख संस्थाएं पारिवारिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक आदि**<br>2. **व्यक्तियों की बहुलता तथा सामाजिक अन्त: क्रिया**<br>3. **सामाजिक संबंध**<br>4. **समाज के लिए**<br>5. **आर्य समाज, प्रार्थना समाज, हिन्दू समाज**<br>6. **मैकाइवर व पेज**<br><br>1. Major institutions are family, religious, economic, political, educational etc.<br>2. Plurality of individuals and social interaction<br>3. social relations<br>4. to society<br>5. Arya Samaj, Prarthana Samaj, Hindu Samaj<br>6. maciver and page | 1<br>1<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 37 | **प्रतियोगिता किसे कहते है ? सहयोग व संघर्ष में अंतर समझाइएं ।**<br>**अथवा**<br>**टिप्पणी करें –**<br>1. **सामाजिक संरचना**<br>2. **सामाजिक स्तरीकरण**<br>3. **पूंजीवाद**<br><br>**What is the competition? Explain the difference between cooperation and conflict .** | 2 + 4<br><br><br>2+2+2 |



Download from www.MsEducationTv.com

**Or**

**Comment –**

1. social structure
2. social stratification
3. capitalism

**उत्तर**

**प्रतियोगिता – एक सामाजिक प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत दो या अधिक व्यक्तियों द्वारा एक ही वस्तु को प्राप्त करने के लिए प्रयास किया जाता है। आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक सभी क्षेत्रों में प्रतियोगिता देखने को मिलती है । प्रतियोगिता का पूंजीवाद से सीधा सम्बन्ध है । इसमें एक दूसरे को प्रत्यक्ष रूप से जानना आवश्यक नहीं है ।** 2

4

| सहयोग | संघर्ष |
|---|---|
| सहयोग का अर्थ - साथ देना | संघर्ष का अर्थ है हितो में टकराव या सहयोग ना देना |
| अवैयक्तिक प्रक्रिया है | व्यक्तिगत प्रक्रिया है |
| निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है | अनिरन्तर प्रक्रिया है |
| हिंसा का प्रयोग नहीं होता है | हिंसा का प्रयोग भी किया जाता है |
| सामाजिक नियमों की पालना | सामाजिक नियमों की पालना नहीं |
| सामाजिक मानदण्डों के अनुसार | सामाजिक मानदण्डों के अनुसार नहीं |

**अथवा**

- **सामाजिक संरचना – सामाजिक संरचना का निर्माण विभिन्न इकाइयों या तत्वों से मिलकर हुआ है जो परस्पर व्यवस्थित रूप से सम्बन्धित हो, अतः जिस प्रकार से किसी शरीर या भौतिक वस्तु की संरचना होती है ठीक उसी प्रकार से समाज की भी एक संरचना होती है जिसे हम सामाजिक संरचना कहते है।** 2
- **सामाजिक स्तरीकरण – यह एक सार्वभौमिक घटना है, सामाजिक स्तरीकरण किसी न किसी रूप में प्रत्येक समाज में मौजूद होता है । सामाजिक स्तरीकरण का अर्थ है समाज के अन्तर्गत सम्पूर्ण जनसंख्या को विभिन्न स्थितियों, समूहों या स्तरों में विभक्त करना दूसरों अर्थो में समाज को उच्च से निम्न क्रम में बांटने की प्रक्रिया से है।** 2
- **पूंजीवाद – एक आर्थिक प्रणाली जिसके अन्तर्गत उत्पादन के साधन निजी रूप में स्वामित्व में होते है, बाजार को मुक्त छोड दिया जाता है तथा अधिकतम् लाभ कमाने का प्रयास निजी कम्पनियों या संस्थाओं द्वारा किया जाता है। मजदूर अपना श्रम पूंजीपतियों के यहां बेचते है ।** 2

**Competition –** is a social process under which efforts are made by two or more individuals to obtain the same object . Competition is seen in all fields, economic, political, social . **Competition is directly related to capitalism. It is not necessary to know each other directly.**

| Cooperation | Conflict |
|---|---|
| meaning of cooperation | conflict means conflict of interest or non-cooperation |

19

Download from www.MsEducationTv.com

| | |
|---|---|
| impersonal process | individual process |
| is an ongoing process | is a continuous process |
| violence is not used | violence is also used |
| follow social rules | not following social rules |
| according to social norms | not according to social norms |

Or

**social structure**The social structure is made up of various units or elements which are systematically related to each other, so the way a body or material object is structured, in the same way society also has a structure which we call social structure. **.**

**social stratification**It is a universal phenomenon, social stratification is present in every society in some form or the other **. Social stratification means the division of the entire population into different statuses, groups or levels within the society, in other words, the process of dividing the society from high to low.**

**Capitalism** _An economic system under which the means of production are privately owned, the market is left free and the effort to earn maximum profit is made by private companies or institutions **. The laborers sell their labor to the capitalists.**

| | | |
|---|---|---|
| 38 | **ग्रामीण क्षेत्रों की सामाजिक व्यवस्था तथा उसमें हुए सामाजिक परिवर्तनों का वर्णन करें।**<br>**अथवा**<br>**नगरीय सामाजिक व्यवस्था तथा उसमें हुए सामाजिक परिवर्तनों का वर्णन करें ।**<br><br>**Describe the social system of rural areas and the social changes in it.**<br>**Or**<br>**Describe the urban social system and the social changes in it.** | 2 + 4<br><br>2 + 4 |
| उत्तर | **ग्रामीण सामाजिक व्यवस्था – जिस भौगोलिक क्षेत्र में जीवन कृषि पर आश्रित होता है, जहां लोगों के मध्य प्राथमिक सामाजिक संबंध पाएं जाते है, जहां की जनसंख्या कम होती है तथा समाज का संगठन सरल प्रकार का होता है गांव कहलाते है ।**<br>**ग्रामीण सामाजिक व्यवस्था में समाज सरल व परम्परागत प्रकार का होता है, व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं के समूह से ही करता है , लोगों में सामाजिक सम्बन्ध निकटता के तथा मजबूत होते है, यहां प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे को निजी तौर पर जानता है।**<br><br>**सामाजिक परिवर्तन –**<br>• **यातायात व संचार के साधनों में परिवर्तन**<br>• **भू स्वामित्व में परिवर्तन**<br>• **प्रबल जाति की अवधारणा में बदलाव**<br>• **कृषि में तकनीक व मशीनों का प्रयोग**<br>• **कृषि की लागत व कीमतों में उतार चढाव अधिक**<br>• **ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना का प्रारम्भ** | 2<br><br><br><br><br><br>4 |



Download from www.MsEducationTv.com

- **संविदा कृषि का चलन**
- 

**कोई अन्य उपयुक्त बिन्दु**

**Rural Social System – The geographical area in which life is dependent on agriculture, where primary social relations are found among the people, where the population is less and the organization of the society is simple, it is called a village .**
**In rural social system, the society is simple and traditional type, the person fulfills his needs from his own group, the social relations among the people are close and strong, here every person knows each other personally .**

social change

- Changes in means of transport and communication
- change in land ownership
- Change in concept of dominant caste
- Use of technology and machines in agriculture
- Fluctuations in cost and prices of agriculture more
- Rural Employment Guarantee Scheme launched
- practice of contract farming
- 

any other suitable point



Download from www.MsEducationTv.com